Title: Unknown disease affecting the saffron crops in Kashmir Valley.

श्री अली मोहम्मद नायक (अनंतनाग) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके जरिए हुकूमत की तवज्जह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि कश्मीर जाफ़रान पैदा करने के लिए सारी दुनिया में मशहूर है और जाफ़रान के एक्सपोर्ट से मुल्क को करोड़ों का फॉरेन एक्सचेंज मिलता था, लेकिन इस साल यह जाफ़रान कश्मीर में नहीं हुई। इसका कारण इसमें कोई ऐसी बीमारी का लगना है जिसका अभी तक कोई अता-पता नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ है कि जो हमारे जाफ़रान पैदा करने वाले किसान हैं वे फांके के शिकार हो गए हैं। मैं हुकूमते हिन्दुस्तान से गुजारिश करूंगा कि वह मुल्क के एक्सपर्ट या दुनिया के अन्य मुल्कों में जो इसके एक्सपर्ट हैं, उनकी खिदमात हासिल कर के इस बीमारी की वजुहात मालूम करे, उसका इलाज करे और यह पता लगाए कि जो यह एक नायाब चीज कश्मीर में थी उसके खत्म होने के क्या वजुहात हैं, क्या कारण हैं।

स्पेन दुनिया का एक और मुल्क है जहां ज़ाफरान पैदा होता है। वहां भी इसके एक्सपर्ट्स हैं। भारत सरकार को बाहर से भी मंगाने चाहिए। इसकी तहकीकात हो।â€¦ (व्यवधान) इसके पैदा न होने से जिन लोगों को नुकसान हुआ है, उनकी आब-बसाई के लिए भारत सरकार इंतज़ाम करे।

....